आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 23.12.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी की। 23 जनवरी को मतदान और 25 जनवरी को होगी मतगणना।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा— पिछले डेढ़ साल में करीब दस लाख सरकारी नौकरियां दी गईं।
- केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने देहरादून में 347 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- उत्तराखण्ड में 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा— सरकार राष्ट्रीय खेलों के भव्य आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में शीतलहर से मौसम हुआ सर्द।

निकाय चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव आयोग के अनुसार, 23 जनवरी को सभी नगर निकायों में मतदान होगा और 25 जनवरी को मतगणना के साथ ही परिणाम घोषित किए जाएंगे। ये जानकारी देते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने बताया कि प्रदेश के 11 नगर निकायों की अंतिम आरक्षण सूची जारी करने के साथ ही चुनाव की घोषणा भी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि निकाय चुनाव के लिए 27 से 30 दिसंबर तक नामांकन पत्रों की बिक्री होगी। 31 दिसंबर से एक जनवरी तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन पत्र वापस लेने की तिथि दो जनवरी तय की गई है, जबकि तीन जनवरी को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे।

रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले डेढ़ वर्ष में देश के लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करायी गई है। उन्होंने आज वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से 71 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये रोजगार पूरी पारदर्शिता के साथ उपलब्ध

कराये जा रहे हैं और नवनियुक्तकर्मी समर्पण और सत्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और उनकी संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि सरकार की नीतियों और निर्णयों के कारण ग्रामीण भारत में रोजगार और स्वरोजगार के नये अवसर निर्मित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने 13 भाषाओं में भर्ती परीक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने के जरिये ग्रामीण युवाओं और सीमांत समुदायों की भाषायी बाधाएं भी हटाई हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में 347 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के विभिन्न विभागों में मिशन मोड में युवाओं को रोजगार देने का काम किया जा रहा है।

सीएम हरिद्वार दौरा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि स्वामी श्रद्धानंद जी ने 20वीं सदी के प्रारंभ में भारतीय समाज को जागरूक करने के लिए वैदिक शिक्षा के माध्यम से स्वतंत्रता की अलख जगाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धानंद जी ने भारतीय समाज को सांस्कृतिक धरोहर, धार्मिक मूल्य और राष्ट्रीयता के प्रति जागरूक किया। हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विश्व विद्यालय में स्वामी श्रद्धानंद जी के 99वें बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री धामी ने कहा कि उनकी शिक्षाएं सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार भी सनातन संस्कृति के उन्नयन, संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर कार्यरत है। इसी क्रम में प्रदेश के प्राचीन मंदिरों का पुनरुद्धार किया जा रहा है।

राष्ट्रीय खेल

उत्तराखण्ड में 28 जनवरी से प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों में प्रदेश सरकार युद्धस्तर पर जुटी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार पहली बार उत्तराखण्ड में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय खेलों के भव्य आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है। गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए पंजीकरण प्रणाली तय कर ली है। पंजीकरण प्रणाली को तय करते हुए जीटीसीसी ने राज्य खेल संघों के लिए प्रविष्टि की अंतिम तिथि भी तय कर दी है। राज्य खेल संघों को तीन चरणों में तीन से 13 जनवरी तक प्रविष्टि सुनिश्चित करनी होगी। जिन खेलों के लिए पंजीकरण प्रणाली तय की गई है, उसमें हैंडबॉल, बीच हैंडबॉल, ताइक्वांडो, वॉलीबॉल और बीच वॉलीबॉल शामिल हैं।

पंजीकरण प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल महासंघ अपने संबंधित खेलों के दिशा निर्देशों के अनुसार योग्य एथलीटों के नाम संबंधित राज्य खेल संघों को प्रदान करेंगे। वहीं, गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाली शीर्ष सात टीमों को उत्तराखण्ड में 38वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

आज राष्ट्रीय किसान दिवस है। किसान दिवस खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और देश की कृषि विरासत के संरक्षण में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका का स्मरण करता है।

किसानों की भूमिका को महत्व देते हुए सरकार ने उनके सामाजिक– आर्थिक उत्थान के लिए अनेक पहल की हैं। इनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री किसान मान–धन योजना शामिल है। इन योजनाओं के तहत किसानों को वित्तीय सुरक्षा, जोखिम कम करने के उपाय और दीर्घावधि सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है। इस वर्ष देश में 33 करोड़ 22 लाख टन अनाज का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। पिछले वर्ष यह 32 करोड़ 97 लाख टन था।

किसान दिवस पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस मौके पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं।

## मौसम

प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में शीतलहर चलने से मौसम सर्द हो गया है। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री और नीति घाटी में भारी बर्फबारी हुई है। बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक ऊंचाई वाले स्थानों पर पहुंच रहे हैं। इससे होटल व्यवसायियों में उत्साह है।

जिला प्रशासन ने प्रदेश भर में ठंड से बचाव के लिए मुख्य चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की है। साथ ही जरूरतमंदों को कंबल, गर्म कपड़े और जरूरी सामान उपलब्ध कराया जा रहा है। बर्फबारी और बारिश की संभावना को देखते हुए खाद्य विभाग ने भंडारण की पूरी व्यवस्था कर ली है। इस बीच मौसम विभाग

ने प्रदेश में 2 हजार 5 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में मध्यम बर्फबारी की संभावना जताई है।

गोबर धन

प्रदेश सरकार ने भारत सरकार की अम्ब्रेला स्कीम गोबर धन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस योजना के तहत राज्य में ग्रामीण रोजगार और किसानों की आय को बढ़ावा देने के साथ ही स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहित किया जाएगा। योजना के क्रियान्वयन के लिए आज देहरादून में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इसके लिए पेयजल, पशुपालन, उरेडा, डेयरी और कृषि विभाग की जिम्मेदारी तय की।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रुद्रप्रयाग जिले के नारायणकोटी स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। महिला सशक्तिकरण और बाल विकास की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष चर्चा की। साथ ही पुलिस ने छात्र–छात्राओं को साइबर अपराध, नशे के दुष्प्रभाव, बाल अपराध सहित अन्य जानकारियां दी।